**बिहार सरकार**

**गृह विभाग (आरक्षी शाखा)**

**केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),**

05, हार्डिंग रोड, पटना–800001

**आवश्यक सूचना**

---

**संदर्भ : विज्ञापन संख्या 01/2025**

**विषय : आवेदन पत्र प्राप्ति तिथि में विस्तार के संबंध में।**

---

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) के विज्ञापन संख्या 01/2025 के तहत आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 18.04.2025 निर्धारित की गयी थी। माह अप्रैल में राजपत्रित अवकाश एवं निगोशियेबुल इन्स्ट्रूमेन्ट्स एक्ट, 1881 के तहत घोषित बंदी की संख्या अधिक रहने के कारण अभ्यर्थियों के हित में विज्ञापन संख्या 01/2025 के तहत ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि 18.04.2025 से विस्तारित करते हुए दिनाँक 25.04.2025 समय रात्रि 24:00 बजे तक निर्धारित की जाती है।

2. जो अभ्यर्थी आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि 25.04.2025 को रात्रि 24:00 बजे तक आवेदन शुल्क की राशि का भुगतान कर देते हैं, उन्हें अगले 24 घण्टे के भीतर ऑनलाइन आवेदन पूर्ण रूप से भर कर समर्पित करना होगा। इस अवधि के पश्चात आवेदन समर्पित नहीं किये जा सकेंगे और न ही ऑनलाइन पोर्टल पर लॉग इन किया जा सकेगा।

3. दिनाँक 25.04.2025 के रात्रि 24:00 बजे के पश्चात आवेदन शुल्क भुगतान अथवा नये पंजीकरण नहीं किए जा सकेंगे। अतः अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करें और समय रहते आवेदन (पूर्ण रूप से भरे हुए) समर्पित कर दें।

**ह0/–**

**अध्यक्ष**

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),

बिहार

ज्ञापांक 07/के0च0प0(सू0)

दिनांक 16/04/2025

**केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) का कार्यालय,**

05, हार्डिंग रोड, पटना–800001

**ह0/–**

**अध्यक्ष**

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),

बिहार